Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 15 जनवरी 2020

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
इलायची (जनवरी)	15-जनवरी-20	3722.20	मंदी	07.01.20	3885.80	3950.00
इलायची (फरवरी)	15-जनवरी-20	3785.40	साइडवेज	14.01.20	3785.40	-
धनिया (जनवरी)	20-जनवरी-20	6362.00	मंदी	03.01.20	6671.00	6750.00
धनिया (अप्रैल)	20-अप्रैल-20	6917.00	मंदी	06.01.20	6829.00	7100.00
जीरा (जनवरी)	20-जनवरी-20	15745.00	साइडवेज	09.01.20	15765.00	-
जीरा (मार्च)	20-मार्च-20	15335.00	मंदी	10.12.19	16510.00	16000.00
हल्दी (मार्च)	20-मार्च-20	6404.00	मंदी	06.01.20	6276.00	6600.00
हल्दी (अप्रैल)	20-अप्रैल-20	6312.00	मंदी	06.01.20	6184.00	6550.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ (जनवरी)	31-जनवरी-20	823.60	तेजी	15.10.19	556.90	810.00
सीपीओ (फरवरी)	28-फरवरी-20	826.70	तेजी	15.10.19	556.00	820.00
रिफाइंड सोयातेल(जनवरी)	20-जनवरी-20	928.20	मंदी	06.01.20	914.00	940.00
रिफाइंड सोयातेल(फरवरी)	20-फरवरी-20	912.20	मंदी	06.01.20	914.00	940.00
आर एम सीड(जनवरी)	20-जनवरी-20	4354.00	मंदी	07.01.20	4463.00	4600.00
आर एम सीड(फरवरी)	20-फरवरी-20	4402.00	मंदी	07.01.20	4464.00	4600.00
सोयाबीन(जनवरी)	20-जनवरी-20	4274.00	मंदी	06.01.20	4184.00	4350.00
सोयाबीन (फरवरी)	20-फरवरी-20	4256.00	मंदी	06.01.20	4208.00	4400.00

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चना(जनवरी)	20-जनवरी-20	4453.00	मंदी	13.01.20	4406.00	4500.00
चना(मार्च)	20-मार्च-20	4360.00	मंदी	08.11.19	4432.00	4535.00
कॉटनऑयलसीडकेक(जनवरी)	20-जनवरी-20	2095.00	तेजी	19.12.19	2127.00	2085.00
कॉटनऑयलसीडकेक(फरवरी)	20-फरवरी-20	2119.00	तेजी	19.12.19	2188.00	2095.00
ग्वारसीड(जनवरी)	20-जनवरी-20	4126.00	मंदी	06.01.20	4078.00	4230.00
ग्वारसीड(फरवरी)	20-फरवरी-20	4178.00	मंदी	03.01.20	4166.00	4290.00
मेंथा तेल(जनवरी)	31-जनवरी-20	1283.60	मंदी	23.12.19	1287.70	1325.00
मेंथा तेल(फरवरी)	28-फरवरी-20	1292.30	मंदी	23.12.19	1277.30	1315.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेन्दू	3791.70	3812.80	-0.55
धनिया	कोटा	6894.35	6895.00	0.00
जीरा	ऊंझा	16100.00	16100.00	0.00
हल्दी	निजामाबाद	6179.75	6179.75	0.00

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	826.80	826.80	0.00
आरएम सीड	जयपुर	4600.00	4600.00	0.00
रिफाइंड सोयातेल	मुंबई	928.70	932.95	-0.46
सोयाबीन	इंदौर	4362.00	4451.00	-2.00

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2139.80	2150.00	-0.47
कॉटन	कड़ी	19600.65	19600.65	0.00
चीनी एम	कोल्हापुर	3495.25	3509.50	-0.41
गेहूं	दिल्ली	2350.00	2348.35	0.07

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (मार्च) की कीमतें यदि 6300 रू से नीचे कारोबार करती है तो 6200-6150 रू तक गिरावट होने की संभावना है। इसका कारण यह है कि तेलंगाना के निजामाबाद में नई फसल की आवक होने लगी है। इसके मुकाबले मांग में कमी है जबकि सप्लाई छह महीने की फसल से हो रही है और 7% की सामान्य नमी की तुलना में इसकी नमी 20-30% है। देर से हुई 15 दिनों तक बारिश और खराब मौसम के कारण, फसल के सूखने में सामान्य से अधिक समय लग रहा है और नमी का स्तर बढ़ रहा है। निजामाबाद के बाजार में नयी फिंगर और बल्ब वेराइटी की हल्दी को क्रमश: 4000-4800 रुपये प्रति १०० किग्रा. और 4000 रुपये प्रति १०० किग्रा. और पुरानी बल्ब वेराइटी की हल्दी को 6000 रुपये प्रति १०० किग्रा. कीमत मिल रही है, जबकि फिंगर वेराइटी 6100 रुपये प्रति १०० किग्रा. में बिक रही है। जीरा वायदा (मार्च) की कीमतें 15200-15100 के स्तर तक लुढ़क सकती है। मॉनसून की अच्छी बारिश के बाद अनुकूल जलवायु परिस्थितियों और बेहतर जल उपलब्धता के कारण अधिक उत्पादन की संभावना बढ़ गई है। गुजरात में, मौसम की स्थिति अनुकूल है और अगर अगले दस दिनों तक ऐसा ही रहता है तो बहुत अच्छी फसल होगी। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, गुजरात में पिछले साल की तुलना में इस साल जीरे की खेती के क्षेत्र में 36% की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, कारोबारियों को पिछले वर्ष के 4.1 लाख टन की तुलना में इस वर्ष लगभग 5 लाख टन जीरा उत्पादन की उम्मीद है। धनिया वायदा (अप्रैल) की कीमतों में 7000-7050 के दायरे में बिकवाली का दबाव बना रहेगा और कीमतें 6800-6750 के स्तर तक लुढ़क सकती हैं। इस सीजन में, गुजरात में धनिया की खेती कई गुना अधिक 82,105 हेक्टेयर (29,630 हेक्टेयर के मुकाबले) में हुई है और मौसम की स्थिति फसल वृद्धि को मदद कर रही है।

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन वायदा (फरवरी) की कीमतों के 4170-4310 के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। स्टॉकिस्ट और निर्यातक अधिक कीमतों पर नई खरीद से परहेज कर रहे हैं और अस्थिरता शांत होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान समय में, कीमतों को दोनों तरफ प्रभावित करने वाली बहुत सारी फंडामेंटल खबरें हैं। ऑयलमील के निर्यात में तेज गिरावट आई है क्योंकि निर्यात प्रोत्साहन की कमी से निर्यातकों के हितों को नुकसान हो रहा है। सरसों वायदा (फरवरी) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 4350-4420 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावन हैं। 2018-19(जुलाई-जून) में अधिक उत्पादन के कारण मौजूदा कम आवक के दौरान भी सप्लाई अधिक होने से कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। इसके अलावा, सरसों का उत्पादन क्षेत्र लगभग पिछले वर्ष के स्तर के बराबर है। जिन इलाकों में बारिश हुई है, वहां सरसों की फसल को बहुत फायदा होगा, क्योंकि इस बारिश से फसल बेहतर होगी। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 3 जनवरी तक 2018-19 सीजन के 67.03 लाख हेक्टेयर की तुलना तक 2019-19 के दौरान 66.62 लाख हेक्टेयर में सरसों की खेती हुई है। सीपीओ वायदा (जनवरी) की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है और कीमतें 818-830 स्तरों पर पहुंच सकती है। आरबीडी पाम ऑयल और आरबीडी पामोलिन के आयात को प्रतिबंधित करने का निर्णय मांग-सप्लाई के बीच असंतुलन पैदा कर सकता है। सीबोट में सोया तेल की कीमतों में नरमी के रूझान के कारण सोया तेल वायदा (फरवरी) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 909-922 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती हैं। आज व्यापारियों को अमेरिकी-चीन पहले चरण के व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर प्रतीक्षा है जिसके बाद चीन का विशाल बाजार अमेरिकी कृषि निर्यातों के लिए फिर से खुल सकता हैं।

अन्य कमोडिटीज

कॉटन वायदा (जनवरी)की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 20150-20200 के स्तर तक पहुंच सकती हैं। रूपये के कमजोर होने और विदेशी बाजारों में कपास की अधिक कीमतों में भारत से कपास निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे एशियाई खरीदार भारत से खरीददारी बढ़ा रहे हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2020 से 30 सितंबर तक की अवधि के दौरान 32 लाख बेल कपास का निर्यात कर दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, कपास बाजार के कारोबारियों की पैनी नजर अमेरिका-चीन के बीच आज व्यापार सौदे के हस्ताक्षर कार्यक्रम के कारण आईसीई में कॉटन वायदा की कीमतों में लगातार पांचवें दिन बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर ने कहा कि पहले चरण के व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है और बुधवार को विवरण अधिक सार्वजनिक किया जाएगा। दोनों देशों के बीच व्यापार विवाद के कारण 2019 में विश्व बाजार में कपास की कीमतों में 4% से अधिक की गिरावट हुई है। चना वायदा (मार्च) की कीमतो को 4380-4405 रू के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है क्योंकि हाजिर बाजारों में बिकवाली का दबाव बढ़ने वाला है। कर्नाटक के प्रमुख बाजार कालाबुर्गी में चना की नयी फसल की आवक शुरू हो गई है। इसमें 7-8% की सामान्य नमी की मात्रा की तुलना में लगभग 20% अधिक नमी है, जिससे दाल मिलों और घरेलू स्टॉकियस्ट की ओर से मांग सीमित है। सितम्बर-अक्टूबर की अवधि में हुई पर्याप्त बारिश ने चना की वृद्धि के लिए आवश्यक मिट्टी में पर्याप्त नमी छोड़ दिया था। मौजूदा समय में बारिश दालों की फसल के लिए अमृत की तरह है और इससे पैदावार बढ़ेगी। ग्वारगम वायदा (फरवरी) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 7350-7500 के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण आने वाले हफ्तों में अमेरिका को ग्वारगम के निर्यात में भारी उछाल हो सकती हैं। ग्वार उद्योग इस वित्त वर्ष में 330,000 टन ग्वारगम का निर्यात करने की उम्मीद कर रहा है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई (मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल (CDSL) और एनएसडीएल (NSDL) के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई (AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट) रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ) समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।